## हमने सीखा

- संज्ञा शब्दों की जगह बोले जाने वाले शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं।
- अपने लिए– **मैं** और **हम**, दूसरों के लिए– **तुम** और **आप**, किसी तीसरे (अन्य) के लिए **यह**, **ये**, **वह**, **वे** और बड़ों के लिए– **आप** सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

## आओ अभ्यास करें

**1. दिए गए शब्दों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**




.........आप.........

.........तुम.........

.........हम.........

.........मैं.........

.........उसने.........

.........वह.........

**2. सही शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए–**

क. .....मैं..... अभी खेलने जाऊँगा। (मुझे / मैं)

ख. वह .....अपने..... घर चली गई। (अपने / उसका)

ग. .....वह..... क्या लिख रहा है? (वे / वह)


घ. राहुल को ......उसकी...... पुस्तक दे दो। (उसकी / आपका)

ङ. सोनम ......मेरी...... छोटी बहन है। (मेरी / मुझे)

च. ......अपना...... काम खुद करो। (अपना / उनकी)

**2. निम्नलिखित कहानी में नाम वाले शब्दों ( संज्ञा ) के स्थान पर आए सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाइए–**











एक तोता और एक मैना में गहरी दोस्ती थी। एक दिन तोता कहीं चला गया। मैना उसे ढूँढ़ती रही। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। उसने आम के पेड़ से पूछा, पर उसका कहीं पता न चला। तभी एक चिड़िया ने कहा– "चलो, मैं ढूँढ़ती हूँ।" दोनों ने उसे बहुत ढूँढ़ा। तभी कहीं से तोता उड़ता हुआ उनके पास पहुँचा और बोला– "तुम लोग किसे ढूँढ़ रहे हो?" मैना और चिड़िया ने एक-दूसरे का मुँह देखा और कहा– "तुम्हें।"